AI कंप्यूटिंग के लिये संशोधित खरीद मानदंड

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (MeitY) ने स्टार्ट-अप सहित विभिन्न कंपनियों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये**इंडियाAI मिशन के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)** कंप्यूटिंग क्षमता के लिये अपने खरीद मानदंडों को संशोधित किया है।

संशोधित खरीद मानदंड:

- **वार्षिक टर्नओवर संबंधी आवश्यकताएँ**: प्राथमिक रूप से बोली लगाने वालों के लिये इसे **100 करोड़** रुपए से घटाकर **50 करोड़ रुपए** कर दिया गया है, जबकि **गैर-प्राथमिक कंसोर्टियम सदस्यों** को अब 50 करोड़ रुपए से घटाकर **25 करोड़ रुपए** की आवश्यकता है।
  - प्राथमिक रूप से बोली लगाने वाले वह हैं, जो किसी बोली के जवाब में पेश किये गए सभी सबकान्ट्रैक्टर के**सफल प्रदर्शन** के लिये **पूर्ण रूप से ज़िम्मेदार होते हैं।**
- **ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट (GPU) संबंधी आवश्यकताएँ: 1,000 GPU** की आवश्यकता को **AFP 16** (हाफ प्रिसिजिन) के लिये **300 TFLOPS** (टेरा फ्लोटिंग-पॉइंट ऑपरेशन प्रति सेकंड) की प्रदर्शन सीमा से बदलकर **150 TFLOPS कर दिया गया।**
  - AI कंप्यूट मेमोरी की आवश्यकता **40 GB से घटाकर 24 GB कर दी गई।**
  - TFLOPS किसी सिस्टम की कंप्यूटिंग क्षमता को मापता है; उदाहरण के लिये,**10 TFLOPS** का अर्थ है कि यह **प्रति सेकंड 10 ट्रिलियन FP16 गणनाएँ** कर सकता है।
- **लोकल सोर्सिंग**: ['मेक इन इंडिया'] पहल का अनुपालन करने के लिये **AI क्लाउड सेवाओं के लिये घटकों को श्रेणी I (50% स्थानीय सामग्री) या श्रेणी II (20-50% स्थानीय सामग्री)** आपूर्तिकर्त्ताओं से खरीदा जाना चाहिये।

अधिक पढ़ें: [इंडियाAI मिशन]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/revised-procurement-norms-for-ai-computing